भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2523

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2026

सोमवार, 12 श्रावण, 1948 (शक)

रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग सर्टिफिकेट

†2523.श्रीमती भारती पारधी:

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर:

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:

श्री नरेश गणपत म्हस्के:

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए विशेषकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के लिए प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत क्या अल्पकालिक प्रशिक्षण लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ख) अनौपचारिक कामगारों को कितने रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं;

(ग) एआई, ड्रोन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों सहित उद्योग से जुड़ी रोजगार की नई भूमिकाएं कौन-कौन सी हैं;

(घ) व्यावसायिक शिक्षा को पीएमकेवीवाई से जोड़ने वाले स्कूल-टू-स्किल कन्वर्जेंस प्रोग्रामों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या पीएमकेवीवाई 5.0 के दिशानिर्देश तैयार करना शुरू कर दिया गया है और यदि हां, तो इसके प्राथमिकता वाले क्षेत्र क्या हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 4.0 वित्त वर्ष 2022-23 से अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व अधिगम मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। यह योजना मांग-आधारित और उद्योग-उन्मुख है; इसलिए, किसी भी राज्य के लिए पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र भी शामिल है जिसमें कोई प्रशिक्षण लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

(ख) 30.06.2026 तक, पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, देश भर में पूर्व अधिगम मान्यता के तहत कुल 3,32,137 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया।

(ग) राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा विनियमित इकोसिस्टम, उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में एनएसक्यूएफ़-संरेखित और एनएसक्यूसी-अनुमोदित योग्यताएं, राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) और माइक्रो-क्रेडेंशियल प्रदान करता है। वर्तमान में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से संबंधित 116 पाठ्यक्रम, स्वचालन और रोबोटिक प्रोसेसिंग से संबंधित 54 पाठ्यक्रम, डेटा एनालिटिक्स से संबंधित 80 पाठ्यक्रम, साइबर सुरक्षा से संबंधित 71 पाठ्यक्रम, ड्रोन प्रौद्योगिकी से संबंधित 17 पाठ्यक्रम और हरित कौशल से संबंधित 99 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो शिक्षार्थियों को विकसित हो रही तकनीकी प्रगति और कार्यबल की आवश्यकताओं के अनुरूप उद्योग-प्रासंगिक दक्षताओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। इसके अलावा, एसओएआर कार्यक्रम के तहत, एआई फोर जॉब्स, कार्यस्थल उत्पादकता, क्षेत्र-विशिष्ट अनुप्रयोगों, समावेशिता और असंगठित क्षेत्र के लिए प्रासंगिक एआई अनुप्रयोगों से संबंधित केंद्रित 50 एआई और एआई अनुप्रयोग-उन्मुख पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं। ये पाठ्यक्रम हेल्थकेयर, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, सौंदर्य एवं वेलनेस , फर्नीचर एवं फिटिंग, हस्तशिल्प, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और पूंजीगत सामान जैसे क्षेत्रों को कवर करते हैं।

(घ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उस दृष्टिकोण के अनुरूप, जिसमें व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत किया गया है, पीएमकेवीवाई 15-45 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल और कॉलेज छोड़ने वाले छात्रों, स्कूल से बाहर के बच्चों और बेरोजगार युवाओं के बीच कौशल विकास में सहायता प्रदान करता है। यह योजना विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के समन्वय से लागू की गई है और यह योजना शिक्षार्थियों की आकांक्षाओं और रोजगार संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप, उद्योग से जुड़े कौशलीकरण के अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, नियमित विद्यालय समय के बाद और अवकाश के दिनों में भी, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तक पहुंच बढ़ाने के लिए विद्यालय के बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों के रूप में किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, एमएसडीई ने राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (एनएसडीएफ) द्वारा वित्त पोषित परियोजना "कौशल पाठ्यक्रमों के वितरण के लिए 400 जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) और 200 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में स्किल लैब की स्थापना और प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण" को लागू किया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्थापित ईएमआरएस, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों को, विशेष रूप से दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य चयनित जेएनवी और ईएमआरएस में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप 1,200 व्यावसायिक स्किल लैब स्थापित करके स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की पहुंच को मजबूत करना था, जिसमें प्रत्येक स्कूल में दो स्किल लैब शामिल हैं। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी वितरण को सुनिश्चित करने के लिए, इस परियोजना में 1,200 कौशल शिक्षकों के लिए एक क्षमता निर्माण घटक भी शामिल था, जिसके तहत प्रति स्कूल दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

(ङ) पीएमकेवीवाई 4.0 स्कीम को 31.3.2026 के बाद दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है।

*****